Request to release the entire outstanding amount of farmers and traders in the Sriganganagar and Hanumangarh districts

श्री निहाल चन्द चौहान **(**गंगानगर**):** सभापति महोदय, मैं, आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले की तरफ दिलाना चाहूंगा, जहां राजस्थान के मूंग व चना किसानों की फसल के वर्ष 2020-21 के लगभग 2 करोड़ 25 लाख रूपए हिंदुस्तान इन्सेक्टिसाइड लिमिटेड (HIL) पर बकाया है। मेरे व्यक्तिगत रूप से अनेकों बार विभाग से अनुरोध करने पर भी मेरे संसदीय क्षेत्र के इन किसानों को अभी तक इस राशि का भुगतान नहीं हो सका है। वर्ष 2020-21 में HIL द्वारा यहाँ के किसानों से लगभग 868 क्विंटल चना और लगभग 1710 क्विंटल मूंग खरीद की गई थी, जिनका भुगतान भी अभी तक बकाया पड़ा हुआ है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है और ये सभी लोग मानसिक और आर्थिक तौर पर बहुत परेशान हो रहे है।

इसी प्रकार वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय खाद्य निगम (Food Corporation of India) के द्वारा खरीद किये गए गेहूँ की आढ़त राशि का भुगतान भी अभी तक मेरे लोक सभा क्षेत्र में व्यापारियों को नहीं मिला है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में गेहूँ की खरीद की गई थी, जोकि 30 जून, 2023 को बंद हो गई थी, उसका पोर्टल बंद हो गया था। व्यापारियों ने इसके पहले आढ़त के बिल को एफसीआई के पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर दिए थे, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी यहाँ के व्यापारियों को उनकी आढ़त का भुगतान नहीं हो सका है, जिसके कारण उन व्यापारियों को भी लोग आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से इस सदन और विभाग का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि किसानों और व्यापारियों उनके भुगतान की सम्पूर्ण बकाया राशि को जल्द से जल्द जारी करने हेतु सम्बंधित विभागों को समुचित दिशा-निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

श्री भर्तृहरि महताब **(**कटक**):** सभापति महोदय, आप हाउस एडजर्न करने वाले हैं**,** तब तक और कुछ जीरो आवर ले लीजिए। मेरी भी यही राय है।

माननीय सभापति **:** इसे मैं ले रहा हूं, लेकिन कृपया आप एक मिनट में अपनी बात कहने की कोशिश कीजिए। इससे हमारे अधिक माननीय सदस्य अकॉमडेट हो पाएंगे।